Seat No. : _______________

TN-104

B.A. Sem.-III
May-2013

Hindi (Core 201)

Time : 3 Hours] **[Max. Marks : 70**

सूचना : (1) दाहिनी ओर लिखे गए अंक प्रश्नों के गुणांक हैं ।
(2) प्रश्नों के क्रमांक और विकल्प सही लिखें ।

1. (अ) पठित पद्यांश के आधार स्पष्ट कीजिए कि 'आँसू' प्रसादजी का विशिष्ट प्रेम-काव्य है । **7**

अथवा

'विभावरी' कविता में प्रकृति का मानवीकरण हुआ है – इस कथन की समीक्षा कीजिए ।

(ब) 'भिक्षुक' कविता में प्रगतिवादी स्वर मुखरित हुआ है – स्पष्ट कीजिए । **7**

अथवा

'स्नेह निर्झर बह गया' कविता में 'निराला' के एकाकी जीवन की अभिव्यक्ति हुई है ।

2. (अ) 'पुष्प की अभिलाषा' काव्य में निहित भाव को अपने शब्दों में व्यक्त कीजिए । **7**

अथवा

सिद्ध कीजिए कि माखनलाल चतुर्वेदी देशभक्त कवि हैं ।

(ब) कवि हरिवंशराय बच्चन ने 'मधुशाला' में बड़ी सहृदयता से सभी जातियों और धर्मों की एकता की घोषणा की है - पठित पद्यांशों के आधार पर सिद्ध कीजिए । **7**

अथवा

'इस पार उस पार' कविता में व्यक्त भाव को स्पष्ट कीजिए ।

3. (अ) ससंदर्भ व्याख्या कीजिए : **8**

(1) "मैं जभी तोलने का करती
उपचार स्वयं तुल जाती हूँ
भुज लता फँसा कर नर तरू से
झूले सी झोंके खाती हूँ ।।"

अथवा

"श्रम विश्राम क्षितिज बेला से –
जहाँ सृजन करते मेला से –
अमर जागरण उषा नयन से –
विखराती हो ज्योति घनी रे !"

(2) क्या ? घुस जायेगा रूदन
तुम्हारा निश्वासों के द्वारा
कोकिल बोलो तो !
और सवेरे हो जावेगा
उलट-पलट जग सारा
कोकिल बोलो तो !

अथवा

तरूणाई के प्रथम चरण में, जोड़ी टूट गई
फूली हुई रात की रानी, प्रात: रूठ गई ।

(ब) संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए : **8**

(1) 'जुही की कली' कविता में व्यक्त उन्युक्त प्रेम

अथवा

'तोड़ती पत्थर' कविता में व्यक्त संवेदना

(2) 'तट पर हे तरूवर एकाकी' शीर्षक की सार्थकता

अथवा

'क्या भूलूँ क्या याद करूँ मैं' कविता का भाव

4. निम्न प्रश्नों के उत्तर संक्षिप्त में दीजिए । **12**

(1) 'मेरे नाविक' कविता में कवि कहाँ जाना चाहता है ?

(2) रानी का रूप कैसा है ?

(3) पुष्प की क्या अभिलाषा है ?

(4) 'बच्चनजी' ने मदिरालय, मधुबाला, प्याला और हाला को किस रूप में स्वीकार किया है ?

(5) 'कामायनी' के मनु, श्रद्धा, इड़ा किसके प्रतीक हैं ?

(6) मुक्त छन्द के प्रणेता कौन हैं और किस कविता को पहली मुक्त छन्द रचना मानी जाती है ?

5. (अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **एक** या **दो** वाक्यों में दीजिए : **5**

(1) 'स्थूल के प्रति सूक्ष्म का विद्रोह छायावाद है' – यह परिभाषा किसने दी है ?

(2) 'सरोज-स्मृति' के कवि का नाम क्या है ?

(3) 'तोड़ती पत्थर' कविता में कवि ने पत्थर तोड़ने वाली युवती को कहाँ देखा ?

(4) 'हिमाद्री तुंग श्रृंग से' कविता प्रसाद के किस नाटक से ली है ?

(5) 'जवानी' क्या माँगती है ?

(ब) सही विकल्प चुनकर प्रश्नों का उत्तर एक वाक्य में दीजिए : **5**

(1) हालावाद के प्रमुख हैं ।

(a) माखनलाल चतुर्वेदी (b) हरिवंशराय बच्चन

(c) सुर्यकांत 'निराला' (d) जयशंकर प्रसाद

(2) 'एक भारतीय आत्मा' के नाम कविताएँ छपवाने वाले कवि का नाम क्या है ?

(a) 'प्रसाद' (b) 'बच्चन'

(c) माखनलाल चतुर्वेदी (d) 'निराला'

(3) आधुनिक काल का सर्वश्रेष्ठ महाकाव्य कौन सा है ?

(a) 'कामायनी' (b) 'साकेत'

(c) 'प्रियप्रवास' (d) 'उर्वशी'

(4) बच्चनजी की अक्षय कीर्ति का स्तम्भ कौन सी रचना है ?

(a) 'बुद्ध और नाचघर' (b) 'मधुबाला'

(c) 'मधुशाला' (d) 'मधुकलश'

(5) इसमें से कौन सी रचना 'निराला' की नहीं है ?

(a) 'कुकुरमुत्ता' (b) 'तुलसीदास'

(c) 'अनामिका' (d) 'कानन-कुसुम'

(क) सही जोड़े मिलाइए : **4**

(1) 'प्रेम पथिक' – हरिवंशराय बच्चन

(2) 'गीतिका' – माखनलाल चतुर्वेदी

(3) 'हिमकिरीटिनी' – प्रसाद

(4) 'निशा-निमंत्रण' – 'निराला'